समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Tuesday, 18 August 2026**

# बहराइच मे तेंदुंए का आतंक : किसान की जान गई, गांव मे दंहशत का माहौल

Gulam Mustafa
Published on 16 Sep 2025



**बहराइच ।** कतरनिया घाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में रविवार देर शाम एक दर्दनाक घटना घटी, जब एक तेंदुए ने किसान पर हमला कर उसकी जान ले ली। मृतक की पहचान **इंद्रल (26 वर्ष), निवासी हरखापुर ग्राम, मजरा तिरसुम्हानी** के रूप में हुई है।

कैसे हुआ हादसा ?

जानकारी के मुताबिक, इंद्रल रात करीब 8 बजे शौच के लिए घर से बाहर निकले थे। घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर झाड़ियों में घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उन पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने तक किसान की मौत हो चुकी थी। उनका शव पास की झाड़ियों में **क्षत-विक्षत अवस्था** में मिला।

प्रशासन की कार्रवाई

सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुँची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और रात में अकेले बाहर न जाने की अपील की है।

वन विभाग ने आसपास के इलाकों में **गश्त तेज कर दी है** और तेंदुए की तलाश जारी है।

दहशत का माहौल

इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि तेंदुए को जल्द पकड़ा जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के ठोस उपाय किए जाएं।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Gulam Mustafa, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.